Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the establishment of the proposed airport in Dhalbhumgarh, Jameshdpur.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । पिछली बार भी मैंने इस विषय को सदन में कई बार उठाया है । मेरा लोकसभा क्षेत्र जमशेदपुर है, जो औद्योगिक घराने के नाम से मशहूर है । वहाँ टाटा जैसे बड़े उद्यमी स्थापित हैं । वहीं एमएसएमई का एक बड़ा सेक्टर भी आदित्यपुर में है । यहाँ एमएसएमई और ऑटोमोबाइल सेक्टर में छोटे-बड़े उद्योगों को मिलाकर लगभग दो हजार उद्योग हैं । इसके साथ ही, यहाँ माइंस का भी बहुत बड़ा क्षेत्र है । धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट की स्वीकृति के बावजूद अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है । पिछली जनवरी में भूमि पूजन हुआ था । भारत सरकार के माननीय मंत्री ने वहाँ जाकर भूमि-पूजन भी किया था, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है । एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसके लिए लगभग सौ करोड़ रुपये आवंटित किये, लेकिन वन विभाग द्वारा एनओसी न मिलने के कारण आज तक उसका काम शुरू नहीं हुआ है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि उस क्षेत्र में अगर एयरपोर्ट बन जाता है, तो इससे केवल झारखण्ड ही नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल के खड़गपुर, मिदनापुर, झाड़ग्राम, पुरूलिया और ओडिशा के बारिपदा, मयूरभंज और बालेश्वर भी जमशेदपुर जैसे बड़े शहर से जुड़ जाएंगे ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री बिद्युत बरन महतो द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।